**Newspaper : Dainik Jagran**
**Edition: Delhi | Date: 24th October, 2018 | Pg. 23**

# विद्यालय के 500 बच्चों ने ली स्वच्छता की शपथ

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली :** राजकीय प्रतिभा विकास विद्यालय के करीब 500 बच्चों ने मंगलवार को अपनी कक्षा, स्कूल, अपने घर और आस-पड़ोस को साफ रखने की शपथ ली। अगर इन जगहों पर कोई गंदगी फैलाता दिखता है तो वे उसे ऐसा करने से रोकेंगे। स्कूली छात्र-छात्राओं ने शपथ ली कि एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते वे अपने व्यवहार में भी स्वच्छता लाएंगे।

ये मौका था इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र और रागगीरी ट्रस्ट की कार्यशाला 'सुनेंगे तभी तो सीखेंगे' का। इस दौरान बच्चों को स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत पर नुक्कड़ नाटक दिखाया गया। इसके माध्यम से बच्चों को कूड़ा फेकने के सही तरीके से परिचित कराया गया। उन्हें बताया गया कि सरकार ने जगह जगह पर जो लाल, नीले और हरे 'डस्टबीन' रखे हैं, उनका क्या महत्व है।

राजकीय प्रतिभा विकास विद्यालय में कार्यशाला के दौरान तमाम कलाकारों ने लिया हिस्सा

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र और रागगीरी कई महीने से देश के विभिन्न हिस्सों में इस तरह की कार्यशालाओं का आयोजन कर रही है। रागगीरी की इस मुहिम से पद्मविभूषण से सम्मानित कलाकार डॉ. सोनल मानसिंह और पद्मश्री मालिनी अवस्थी जैसे कलाकार भी जुड़े रहे हैं। मंगलवार को राजकीय प्रतिभा विकास विद्यालय के बच्चों ने पहले कथक नृत्य के बारे में जाना। जयपुर घराने की मशहूर कलाकार ऋचा जैन और उनके साथी कलाकारों ने कथक के इतिहास के बारे में बच्चों को जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को ये भी बताया कि कथक किस तरह देश के अन्य शास्त्रीय नृत्यों से अलग है।कार्यशाला के दूसरे सत्र में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय से आए कलाकार संजय श्रीवास्तव ने बच्चों को रंगमंच के इतिहास के बारे में बताया। भरतमुनि के नाट्यशास्त्र से लेकर अभिनय के प्रकार पर उन्होंने जानकारी दी। कार्यशाला के अंत में राजकीय प्रतिभा विकास विद्यालय के प्रधानाचार्य कुलदीप सिंह ने कहा कि ये पहला मौका है, जब सरकारी स्कूलों में बच्चों को शास्त्रीय कलाओं के प्रति जागरूक करने के लिए इस तरह के प्रयास किए जा रहे हैं, जिनकी तारीफ होनी चाहिए।